आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के तहत बाइस नये प्रस्तावों को केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी। उत्तर प्रदेश सहित आठ राज्यों से जुड़ी परियोजनाओं में इकतालीस हजार आठ सौ तिरसठ करोड़ रूपये का होगा निवेश।
- प्रयागराज में माघ मेला आज से शुरू। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिया निर्देश– श्रद्धालुओं को न होने पाय किसी प्रकार की असुविधा।
- प्रदेश के सभी शहरों में सीवर और पानी की पाइप लाइन की होगी नियमित जांच। प्रमुख सचिव नगर विकास ने सम्बन्धित अधिकारियों को जारी किया निर्देश।
- प्रदेश में भीषण ठंड और कोहरे का दौर जारी। प्रदेश सरकार ने कक्षा बारहवीं तक के सभी स्कूलों को पांच जनवरी तक बन्द रखने का दिया निर्देश।

**********

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत 22 नए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसमें लगभग 41 हजार आठ सौ 63 करोड़ रूपये के निवेश का अनुमान है। इन परियोजनाओं से दो लाख 58 हजार करोड़ रूपये का उत्पादन होने और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 34 हजार नौकरियां सृजित होने की आशा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रमुख सुधारों को लागू करना और कार्यान्वयन में तेजी लाना मोदी सरकार की पहचान है। श्री वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्थानीय उत्पादों और उच्च मानकों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट–

***इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती उद्योगों में से एक है। यह देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति में अहम भूमिका निभा रही है। आज मंजूर किए गए प्रोजेक्ट्स, आठ राज्यों से संबंधित है– आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान। इससे देश में, इलेक्ट्रॉनिक्स की सप्लाई मजबूत होगी, जरूरी कंपोनेंट्स के लिए आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत में उन्नत मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी। इसके पहले, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के तहत, 24 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी जा चुकी है। ये नई मंजूरी, भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाने की प्रधानमंत्री मोदी की सोच का एक अहम कदम है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

प्रयागराज में आज से पौष पूर्णिमा पर आस्था के महासंगम माघ मेले का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष माघ मेले को मिनी कुंभ की तरह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कल देर शाम लखनऊ स्थित अपने आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने माघ मेला एवं आगामी त्योहारों की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान श्री योगी ने निर्देश दिये कि माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मेला व स्नान स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और अन्य प्रबंधों का इंतजाम करने के भी निर्देश दिये। श्री योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़, मथुरा, वृन्दावन, फर्रूखाबाद और शाहजहांपुर सहित माघ मेला से जुड़े सभी प्रमुख जिलों के जिलाधिकारियों को श्रद्धालुओं के आवागमन, घाटों व मंदिर परिसरों के स्वच्छता के निर्देश दिये।

उधर, प्रयागराज में मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि माघ मेले को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। एक रिपोर्ट.....

***इस वर्ष माघ मेले को अधिक भव्य रूप देते हुए 800 हेक्टेयर में आयोजित किया जा रहा है। 15 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में 6 प्रमुख स्नान पर्वों का खास महत्व है। इसमें 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर पावन स्नान के साथ यह आयोजन सम्पन्न होगा। इस वर्ष माघ मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र में विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड आधारित सुविधा प्रणाली लागू की गई है। माघ मेला प्रभारी नीरज पांडेय ने बताया कि मेला क्षेत्र में लगाए गए 15 हजार 500 विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं जिन्हें स्कैन कर श्रद्धालु आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

मध्य प्रदेश के इन्दौर में दूषित पानी से हुयी मौत के बाद राज्य सरकार ने भी प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिये सीवर और पानी की पाइप लाइन की नियमित जांच कराने के निर्देश दिये हैं। एक रिपोर्ट–

***प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरुप्रसाद द्वारा नगरीय निकाय निदेशक, नगर आयुक्तों और जल निगम के प्रबंध निदेशकों को जारी निर्देश में कहा गया है कि सीवर व पेयजल पाइप लाइन में टूट–फूट या रिसाव को तत्काल ठीक कराया जाय। श्री गुरुप्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नगरवासियों को जलापूर्ति वाली पानी की टंकियों की नियमित सफाई करायी जाय। नलकूप, हैण्डपम्प, पाइप लाइन, पानी की टंकी व अन्य उपकरणों का संचालन इस तरह किया जाय कि बिना रूकावट पानी की आपूर्ति हो सके। प्रमुख***

***सचिव ने पानी की पुरानी पाइप लाइन को प्राथमिकता से बदलने और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के सम्बन्ध में किये गये कार्यों का विवरण शासन को सप्ताह भर के भीतर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया है। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग आवंटित बजट का समय से प्रयोग करें, ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट आवंटन को लेकर केन्द्र सरकार से बेहतर समन्वय बनाएं, ताकि समय से बजट मिल सके।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अनूठा चर्चा कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण इसी माह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान देश–विदेश से विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण माईजीओवी प्लेटफॉर्म पर 11 जनवरी तक कराया जा सकता है।

**********

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कल लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नई कैथ लैब का उदघाटन किया। इससे पहले उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल और लोकबंधु अस्पताल को व्हीलचेयर, स्ट्रेचर तथा पल्स ऑक्सीमीटर वितरित किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को उन्नत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

***हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के सभी मरीजों की सेवा के लिए काम कर रही है और लगातार सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। हर स्थिति में लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा व्यवस्था मिले इसको सुनिश्चित किया जा रहा है।***

**********

वर्ष 2025 भारत के विकास पथ में एक निर्णायक कालखंड रहा है। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है 2025 के दौरान प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत की प्रगति की चर्चा।.....

***2025 में भारत ने अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ हासिल किया। इंडिया ए.आई. मिशन के तहत सरकार ने नैतिक मानव केंद्रित ए.आई. प्रणाली बनाने के लिए दस हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश किया है। पिछले वर्ष नोएडा और बेंगलुरु में तीन नैनोमीटर चिप डिजाइन के लिए दो केंद्र शुरू किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने हैदराबाद में स्काई रूट एयरोस्पेस के नए इंफिनिटी परिसर का भी उद्घाटन किया और कंपनी के पहले ऑर्बिटर रॉकेट विक्रम–1 का अनावरण किया।***

***स्काय रूट का इंफिनिटी कैंपस, भारत की नई सोच, इनोवेशन और सबसे बड़ी बात यूथ पॉवर का प्रतिबिंब है। हमारी युवा शक्ति की इनोवेशन, रिस्क टेकिंग एबिलिटी और एंटरप्रेन्योरशिप आज नई बुलंदी छू रही है। कुल मिलाकर इन विकास कार्यों ने 2025 को तकनीकी आत्मनिर्भरता के वर्ष के रूप में रेखांकित किया। आदर्श की रिपोर्ट के साथ नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश में भीषण ठंड और कोहरे का दौर जारी है। दृश्यता कम होने की वजह से यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कई ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं तो वायु सेवा भी प्रभावित है। तेजी से गिरते पारे और भीषण शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बोर्ड के बारहवीं कक्षा तक के स्कूलों को पांच जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र के कई जिलों में घने कोहरे और शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********